कार्यालय : निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या–4डी(1)/438/2024/ लखनऊ : दिनांक 15/12/2023

–:: कार्यालय ज्ञाप ::–

उत्तर प्रदेश सरकार, कार्मिक अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या–2/2/99–का–2–2001, दिनांक 22.12.2001 द्वारा प्राख्यापित "उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय सूमह 'ग' के पद (पदोन्नति द्वारा भर्ती) नियमावली 2001" के प्राविधानों के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के परिधिगत कार्यालय/चिकित्सालयों में कार्यरत चतुर्थ–श्रेणी कर्मचारी की तृतीय श्रेणी कनिष्ठ सहायक लिपिक संवर्ग में पदोन्नति हेतु माह मार्च 2024 के प्रथम सप्ताह में महानिदेशालय स्तर पर हिन्दी–कम्प्यूटर–टंकण परीक्षा का आयोजन निर्धारित किया गया है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु पृथक से निर्देश/परिपत्र जारी किया जायेगा। उक्त कार्यालय ज्ञाप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु आरक्षित पदों को भरे जाने हेतु एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हिन्दी–कम्प्यूटर–टंकण परीक्षा हेतु पर्याप्त समय दिये जाने के उद्देश्य से निर्गत किया जा रहा है।

(डा0 राजागणपति आर0)
आई0ए0एस
निदेशक (प्रशासन)

पत्र संख्या–4डी(1)/438/2024/7233-36 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन चिकित्सा अनुभाग–4
2. निदेशक, चिकित्सा उपचार, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस आशय से कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विभागीय अधिकृत वेबसाइड www.dgmhup.gov.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. समस्त नियंत्रक अधिकारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उ0प्र0 को इस आशय से कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपनी इकाई/जनपद में पृष्ठांकिन करना सुनिश्चित करें।
4. समस्त अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उ0प्र0 को इस आशय से कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने मण्डल की प्रत्येक इकाई/जनपद में पृष्ठांकित करना सुनिश्चित करें।

15/12/23

(डा0 राजागणपति आर0)
आई0ए0एस
निदेशक (प्रशासन)